Ans. (d) राजस्थान का पूर्वी मैदानी प्रदेश अरावली के पूर्व में विस्तृत है, दक्षिण में स्थित मध्य माही का क्षेत्र भी इसमें सम्मलित किया जाता है। यह प्रदेश नदी बेसिन प्रदेश है। नदियों द्वारा जमा की गई मिट्टी से इस प्रदेश का निर्माण हुआ है। इस मैदानी प्रदेश के चार प्रमुख उप प्रदेश है-बनास बेसिन, मध्य माही बेसिन, चम्बल बेसिन और बाणगंगा बेसिन। अतः उत्तर पूर्वी मैदान सिन्धु नदी द्वारा निर्मित मैदान का भाग नहीं है।

194. राजस्थान का कौनसा जिला ' डॉग की रानी' के नाम से प्रसिद्ध है?

(a) धौलपुर (b) करौली
(c) अलवर (d) पाली

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) 'डॉग की रानी' के नाम से राजस्थान का करौली जिला प्रसिद्ध है। इस जिले का प्राचीन नाम कल्याणपुरी माना जाता है। यदुवंशी शासक अर्जुन सिंह ने करौली की स्थापना की थी।

195. निम्नलिखित में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?

(a) घग्घर-मृत नदी (b) भोराट-पठार
(c) नागपानी-अरावली दर्रा (d) सेर-अरावली की चोटी

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) उपर्युक्त दिये गए विकल्पों में विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। अन्य तीनों विकल्प घग्घर-मृत नदी, भोराठ-पठार, सेर-अरावली की चोटी, सही सुमेलित है।

196. राजस्थान का कौनसा भौतिक विभाग थार मरुस्थल का भाग है?

(a) माही बेसिन (b) लूनी बेसिन
(c) बनास बेसिन (d) चम्बी बेसिन

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (b) राजस्थान के अरावली श्रेणी के पश्चिम का क्षेत्र-शुष्क एवं अर्द्ध शुष्क मरूस्थल प्रदेश है जिसे भारत का विशाल मरूस्थल अथवा थार मरूस्थल के नाम से जाना जाता है। सम्पूर्ण पश्चिमी मरूस्थल क्षेत्र समान उच्चावच नहीं रखता अपितु उसमें भिन्नता है। इसी भिन्नता के कारण इसको चार उप-प्रदेशों में विभक्त किया जाता है, ये हैं-
(अ) शुष्क रेतीला अथवा मरूस्थल प्रदेश
(ब) लूनी-जवाई बेसिन
(स) शेखावटी प्रदेश
(द) घग्घर प्रदेश

197. गुलाबी मार्बल मिलता है-

(a) उदयपुर में (b) जैसलमेर में
(c) जयपुर में (d) जालौर में

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (d) संगमरमर एक कायांतरित चट्टान है जो चूना पत्थर के कायांतरण का परिणाम है। राजस्थान राज्य संगमरमर के उत्पादन में अग्रणी राज्य है। राजस्थान राज्य में विविध रंगों के संगमरमर विभिन्न खादानों से प्राप्त होते हैं, जो निम्नलिखित हैं। हरा संगमरमर-उदयपुर, बादामी संगमरमर-जोधपुर, गुलाबी संगमरमर-जालौर (रूपी), भरतपुर, पीला संगमरमर-जैसलमेर, सफेद संगमरमर-मकराना

198. संरचनात्मक दृष्टि से राजस्थान के भौतिक स्वरूप के निम्नलिखित में से कौन उच्चावच प्रदेशों का हिस्सा है-

(a) उत्तरी वृहत्त मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(b) उत्तरी पर्वतीय प्रदेश, उत्तरी वृहत्त मैदान
(c) तटीय मैदान, प्रायद्वीपीय पठार
(d) प्रायद्वीपीय पठार, उत्तरी पर्वतीय प्रदेश

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (a) संरचनात्मक दृष्टि से उत्तरी वृहत्त मैदान तथा प्रायद्वीपीय पठार राजस्थान के भौतिक स्वरूप के उच्चावच प्रदेशों का हिस्सा है। राजस्थान के चार भौतिक विभाग है-पूर्वी रेतीला मैदान, अरावली रेंज और पहाड़ी क्षेत्र, पूर्वी मैदानी क्षेत्र, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान का पठार (हाड़ोती पठार)।

199. निम्नलिखित में से कौनसा पठार अरावली पर्वत से सम्बद्ध नहीं है-

(a) लासड़िया पठार (b) उड़िया पठार
(c) बघेलखण्ड पठार (d) भोराठ का पठार

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (c) बघेलखण्ड पठार अरावली पर्वत से संबंधित नहीं है। यह छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है। लासड़िया का पठार राजस्थान में उदयपुर से प्रतापगढ़ तक फैला है, उड़िया का पठार सिरोही जिले में तथा भोराट का पठार राजसमंद जिले से उदयपुर जिले तक फैला है। उड़िया का पठार राजस्थान का सबसे बड़ा तथा सबसे ऊँचा पठार है।

200. 'उड़िया पठार' राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?

(a) सिरोही (b) उदयपुर
(c) डुंगरपुर (d) बाँसवाड़ा

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) उड़िया पठार राजस्थान राज्य के सिरोही जिले में स्थित है। यह राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है। इसकी ऊँचाई 1360 मी. (समुद्र तल से) है। यह माउंट आबू पर्वत की सबसे ऊँची चोटी 'गुरूशिखर' (1722 मी.) के नीचे स्थित है।

201. राजस्थान में मरुस्थल का विस्तार ....दिशा में हो रहा है।

(a) पूर्व से पश्चिम (b) दक्षिण से उत्तर
(c) पश्चिम से पूर्व (d) उत्तर से दक्षिण

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (c) राजस्थान में मरुस्थल का विस्तार उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर लगभग 640 किमी तक विस्तृत है। इस क्षेत्र में चुरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर आदि जिले आते हैं।

202. बाप बोल्डर बेड राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) जैसलमेर (b) जोधपुर
(c) बीकानेर (d) हनुमानगढ़

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (b) : बाप बोल्डर बेड समग्र रूप में अर्द्धगोलाकार रूपी पुरानी प्रोटेजोरोइक चट्टानें है जो राज्य के जोधपुर जिले में स्थित है। इन चट्टानों का निर्माण हिमनदों के बर्फ द्वारा जमा किये निक्षेपों से हुआ है। 'बाप' जोधपुर जिले का एक शहर भी है।

203. बर, परवेरिया, शिवपुर, देबारी और सूरा का सम्बन्ध है–

(a) पर्वत चोटी (b) दर्रा
(c) घाटी (d) पठारीय क्षेत्र

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022